# समाचार

## निगम के 03 वार्डो में आज किया गया वृक्षारोपण

## (वार्ड क्र.04,22 एवं 23 के पार्षदों ने नागरिकों के साथ किया वार्डो में पौधों का रोपण)

कोरबा 23 जुलाई 2015 –नगर पालिक निगम कोरबा के द्वारा अपने वार्डो में वृक्षारोपण का कार्य इस वर्ष प्रारंभ कर दिया गया, आज निगम के वार्ड क्र. 04, 22 एवं 23 में वृक्षारोपण किया गया। उक्त वार्ड के पार्षदगणों ने वार्ड के नागरिकों के साथ विभिन्न प्रजाति के पौधो का रोपण किया।

निगम के वार्ड क्र. 22 में मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं वार्ड पार्षद संतोष राय ने, वार्ड क्र. 23 में वार्ड पार्षद अब्दुल रहमान ने तथा वार्ड क्र. 04 में वार्ड पार्षद मनीष शर्मा एवं एल्डरमेन मुकेश बग्गा ने वार्ड के नागरिकों के साथ वृक्षारोपण किया। वार्ड क्र. 22 में निगम कालोनी स्थित मनोरंजनगृह परिसर में, वार्ड क्र. 23 में न्यू रविशंकर शुक्लनगर में तथा वार्ड क्र. 04 पुरानी बस्ती स्थित प्राथमिक बालक एवं कन्या शाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के अवसर पर वार्ड पार्षद अब्दुल रहमान, संतोष राय, तथा मनीष शर्मा ने रोपे गए पौधे के स्थल पर निगम द्वारा टी–गार्ड लगाए जाने का सुझाव दिया ताकि पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस मौके पर वार्ड पार्षद एवं नागरिकों ने वृक्षों के महत्व तथा मानव जीवन ही नहीं प्राणिमात्र के लिए उनकी उपयोगिता एवं आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए अधिक–से–अधिक वृक्षारोपण कार्य किए जाने एवं वृक्षों की सुरक्षा किए जाने पर जोर दिया। विभिन्न स्थलों पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रमों में सहायक अभियंता के.पी.दहायत एवं डी.सी.सोकर गनेश्वर दुबे, संजय सिंह, ब्यासनारायण सिंह, गणेशी बाई, सत्या चौहान, विजय जगत, तुलसी प्रसाद, राजकुमार श्रीवास, जगमोहन दास, आनंददास, राजकुमारी, ए.पी.त्रिपाठी, बिट्टू शर्मा, अखिलेश चंदेल, उपेन्द्र वर्मा, संतोष सिंह, विष्णु कुमार, पीताम्बर दास, अंबर शर्मा, रविकुमार, रोहित प्रसाद, आरिफ खान, शिवकुमार, जमुना राजवाड़े, रेवती सिंह, एन.के. सिंह, शकुंतला डनसेना, रवि खुंटे, मोहन शर्मा, ए.डी. दीवान, केश्वर सिंह राजपूत, सुरेश पटेल, एस.एन. राठौर, संतोष साहू, कुलेश्वर कुर्रे, नीतिका जेकब, एम.एल. बरेठ, जागेश्वर, गिरीश दुबे, प्रकाश, गुरूबिन दास आदि ने वृक्षारोपण किया।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)